हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 22 जुलाई 2025

06 यूरिया के लिए महिलाएं व किसान लंबी लंबी कतारों...



07 मध्यरात्रि लूट को अंजाम देने वाले 7 आरोपी गिरफ्तार...





## खबर संक्षेप

### गेहूं का अधिकतम स्टॉक 3 हजार मीट्रिक टन रख सकते हैं व्यापारी

**सीहोर।** भारत सरकार द्वारा व्यापारियों के लिए 31 मार्च, 2026 तक के लिये गेहूँ के स्टॉक की सीमा निर्धारित कर दी गयी है। व्यापारी/थोक विक्रेता 3 हजार मीट्रिक टन तक और रिटेलर 10 मीट्रिक टन तक गेहूँ का भण्डारण कर सकते हैं। इसी तरह चेन रिटेलर के प्रत्येक आउटलेट के लिये 10 मीट्रिक टन की सीमा इस आधार पर निर्धारित की गई है कि सभी आउटलेट पर अधिकतम मात्रा आउटलेटों की कुल संख्या के 10 गुना मीट्रिक टन से अधिक भण्डारित नहीं होना चाहिये। प्रोसेसर के लिये स्टॉक की मात्रा उसकी मासिक स्थापित क्षमता के 70 प्रतिशत मात्रा को वर्ष 2025-26 के शेष महीनों से गुणा करने पर आने वाली मात्रा से अधिक नहीं होना चाहिये। यह बात खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कही।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन 29 जुलाई तक

**सीहोर।** जिले के श्यामपुर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में जेएनवीएसटी 2026-27 चयन परीक्षा के माध्यम से कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ हो गए हैं। प्रवेश के लिए पंजीयन कराने की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025 है। इच्छुक और पात्र विद्यार्थी बेवसाईट www navodaya.gov in अथवा http://cbseitms.rcil.gov.in/nvs पर आवेदन कर सकते हैं। पंजीयन के लिए विद्यार्थी की जन्म तारीख 01 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के बीच होना चाहिए तथा किसी भी सरकारी या मान्यता प्राप्त विद्यालय से तीसरी एवं चौथी कक्षा उत्तीर्ण की हो एवं वर्तमान सत्र में कक्षा पांचवी में अध्ययनरत होना चाहिए। इसके साथ ही विद्यार्थी का आधार कार्ड तथा सीहोर जिले का निवासी होना चाहिए।

### बुनकर द्वारा स्वयं उत्पादित उत्कृष्ट प्रविष्टियां 29 जुलाई तक

**सीहोर।** हाथकरघा क्षेत्र के उत्कृष्ट एवं परमारागत संस्कृति के संरक्षण करने वाले बुनकरों को प्रोत्साहित करने के लिए कबीर बुनकर प्रोत्साहन पुरस्कारर योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 के लिए हाथकरघा बुनकरी द्वारा स्वयं उत्पादित उत्कृष्ट प्रविष्टिया बुनकर द्वारा लूम पर बुनाई करते हुये फोटो सहित) सीहोर जिले के हाथकरघा बुनकरों से 29 जुलाई 2025 तक आमंत्रित है। प्रभारी अधिकारी जिला हाथकरघा ने बताया कि प्रविष्टि 29 जुलाई 2025 तक समय सांय 6.00 बजे तक स्वीकार की जावेगी। योजनान्तर्गत प्रथम पुरूस्कार एक लाख रूपये, द्वितीय पुरस्कार 50 हजार रूपये एवं तृतीय पुरस्कार 25 हजार रूपये तथा प्रतीक चिन्ह शील एव श्रीफल तक सीमित रहेगा।

### तहसीलदार की कार्रवाई भी बेअसर, रात के समय असामाजिक तत्व डाल लेते हैं डेरा

# हाईवे पर बने यात्री प्रतीक्षालय पर दंबगों का कब्जा, लगा दी शटर, चला रहे अवैध काम

प्रतीक्षालय के पास स्थित गुमटी से यहां अवैध रूप से शराब पिलाने का काम शटर लगी दुकान में किया जा रहा है। इससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में दबंगों के हौंसले बुलंद हैं। इंदौर-भोपाल हाईवे पर सारी सीमाओं का ही लांघ द.यिा। आष्टा के पास डाबरी जोड़ पर बने यात्री प्रतीक्षालय पर दंबगों ने कब्जा कर लिया। रिपोर्ट्स के अनुसार, दबंगों ने प्रतीक्षालय में तीन दुकानों में से एक दुकान पर शटर भी लगवा लिया है और चोरी-छिपे शराब पिलाने का कारोबार शुरू कर दिया है। इसके लिए एक गुमठी का सहारा लिया जा रहा है, जो प्रतीक्षालय के पास स्थित है।

स्थानीय लोगों और यात्रियों की शिकायत पर जब इस अवैध गतिविधि की सूचना प्रशासन को मिली, तो आष्टा तहसीलदार आरएल पगारे और पार्वती पुलिस मौके पर पहुंची और दबंगों को हटाने की चेतावनी दी। लेकिन यह चेतावनी बेअसर साबित हुई, जिससे स्पष्ट होता है कि स्थानीय प्रशासन की कार्रवाई में कमी है और दबंगों के हौंसले बुलंद हैं। यह स्थिति स्थानीय लोगों और यात्रियों के लिए चिंता का विषय बन गई है। इस स्थिति के कारण यात्रियों और स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।




**सीहोर।** इस तरह यात्री प्रतीक्षालय पर ही शटर लगाकर कर लिया दंबगों ने कब्जा

#### लंबे समय से है यात्री प्रतीक्षालय पर कब्जा

स्थानीय लोगों और यात्रियों की माने तो डाबरी जोड़ पर स्थित यात्री प्रतीक्षालय पर दंबगों का लंबे समय से कब्जा है। यात्री प्रतीक्षालय के पास स्थित गुमठी से यहां अवैध रूप से शराब पिलाने का काम शटर लगी दुकान में किया जा रहा है। इससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है। इसके साथ ही यात्री प्रतीक्षालय में रुकने वाले यात्री भी अपने को असुरक्षित महसूस करते हैं। इसके कारण है कि कई बार यहां शराब के नशे में लोग आपस में लड़ते हुए दशहत फैलाते हुए देखे जाते हैं।

#### शुक्रवार को प्रशासन ने कार्रवाई की लेकिन बेअसर रही

लोगों की माने तो शिकायत के उपरांत शुक्रवार को आष्टा तहसीलदार आरएन पगारे और पार्वती पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दंबगों को यात्री प्रतीक्षालय के कब्जे से मुक्त करने और प्रतीक्षालय के समीप स्थित गुमठी को हटाने चेतावनी दी गई।

इस दौरान दबंग कुछ समय के लिए मौके से चले गए, लेकिन अवैध गतिविधियां बंद नहीं की। इससे स्थानीय लोग खौफजदा हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल इस मामले में सख्त कार्रवाई की जाए ताकि यात्री प्रतीक्षालय को आवागमन के लिए सुरक्षित बनाया जा सके।

#### की जाएगी कड़ी कार्रवाई

लोगों ने एसडीएम कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके बाद शुक्रवार को यात्री प्रतीक्षालय के पास रखी अवैध गुमठी को हटवाया गया था। इसके साथ ही यात्री प्रतीक्षालय में एक दुकान में शटर लगाकर कब्जा भी हटाने की चेतावनी दी गई है।

**आरएन पगारे,** आष्टा तहसीलदार

## शिव भक्तों की सेवा से बढ़कर कुछ भी नहीं है, श्रद्धालुओं की सेवा ही सबसे बड़ी भक्ति हैः पंडित प्रदीप मिश्रा

### हर तरफ हर-हर महादेव, हाईवे पर शिवभक्तों की लंबी कतार, डाक कांवड़ियों की तेज हुई रफ्तार

**सीहोर।** सावन के दूसरे सोमवार को सीवन नदी के तट से कुबेरेश्वरधाम तक हर तरफ शिव भक्ति का अद्भूत नजारा देखने को मिला, देश के कोने-कोने से कावरिये अपने कंधों पर कांवड लेकर निकल रहे है, हरियाण से रेलवे स्टेशन से कुबेरेश्वरधाम तक जाने वाले आशीष करीब 80 किलो जल लेकर शिव को अर्पित करने पहुंचे। हर मार्ग पर शिवभक्तों की टोलियां, डीजे-झांकियों से सजा माहौल। डाक कांवड़ की रफ्तार बढ़ी। मन्नतों के लिए उठी कांवड़ें-कहीं संतान, कहीं नौकरी तो कहीं अन्य मनोकामनाएं लेकर कांवड उठाया गया।

सोमवार को सावन के दूसरे सोमवार को भी करीब एक लाख से अधिक श्रद्धालु धाम पर पहुंचे हाईवे से लेकर पूरा शहर शिवमय हो गया है। हाईवे और अन्य कांवड़ मार्गों पर डाक कांवड़ वाहनों की रफ्तार बढ़ गई है। हर ओर हर-हर महादेव की गूंज है। भोले बाबा के दीवाने थकान की परवाह किए बिना आगे बढ़ रहे हैं। शहर में कावड़ यात्रा का जोश और भक्ति चरम पर है। वहीं इनके भोजन, प्रसादी और पेयजल को लेकर बड़े-बड़े पंडाल लगाकर सेवा कार्य किया जा रहा है। इसको लेकर धाम पर आरंभ हुई आनलाइन शिव महापुराण के पहले दिन अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहाकि शिव भक्तों की सेवा से बढ़कर कुछ भी नहीं है, श्रद्धालुओं की सेवा ही सबसे बड़ी भक्ति है। उन्होंने कहाकि शिव महापुराण हमारे जीवन की दिशा बदल देती है। कथा और प्रवचन से के माध्यम से हमें सद्मार्ग प्राप्त होता है। जैसे देवराज ब्राह्मण का कल्याण हुआ। उन्होंने कहाकि शिव पुराण सुनने से व्यक्ति के सभी पाप नष्ट होते हैं और उसे शिवलोक में स्थान मिलता है, श्रावण माह में भगवान शंकर की पूजा करने का विधान है। पुराणों में लिखा गया है कि जो व्यक्ति सावन के महीने में पूरी श्रद्धा और भक्ति से भगवान शिव की सेवा करता है, तो उसे शिवलोक की प्राप्ति होती है। शिव पुराण में भी इस संदर्भ में एक कथा है। एक नगर में एक देवराज ब्राह्मण रहता था जो अत्यंत दुर्बल और वैदिक धर्म से विमुख था। वह कोई धार्मिक कार्य नहीं करता था और सदैव धन कमाने में ही लगा रहता था। उसके ऊपर जो भी विश्वास करता था वह उसे मुर्ख बना देता था। ऐसा कोई भी नहीं था जिसे उसने धोखा न दिया हो, लेकिन उसने शिवमहापुराण की कथा का श्रवण किया तो उसको मुक्ति मिली।



**भगवान शिव की भक्ति, भक्त की दिशा और दशा बदल देते है :** भगवान शिव भाग्य की दिशा और दशा भी बदल सकते हैं। उन्हें प्रसन्न करने के लिए बहुत बड़े अनुष्ठान की जरुरत नहीं होती है, वह तो केवल जल और बिल पत्र से भी प्रसन्न हो जाते हैं। अभिषेक भगवान शिव के रुद्र रूप का किया जाता है, इसलिए उनके अभिषेक के अनुष्ठान को रुद्राभिषेक के नाम से जाना जाता है। रुद्राभिषेक अलग-अलग पवित्र पदार्थो से किया जाता है और पदार्थो के अनुरूप इनका फल भी अलग-अलग बताया गया है। रुद्राभिषेक में प्रयुक्त किए जाने वाले अधिकांश पदार्थ स्वास्थ्यवर्धक होते हैं। जैसे गाय का दूध, गाय घी और दही, शहद, गन्ने का रस, विभिन्न प्रकार के अनाज, विभिन्न स्त्रोतों से एकत्रित किए गए तिल, जौ, विभिन्न प्रकार के तेल, बेल पत्र, आक के फूल, धतूरा आदि का प्रयोग इसमें किया जाता है। रुद्राभिषेक भगवान शिव को प्रसन्न करने का सबसे अच्छा अनुष्ठान माना जाता है।

शिक्षा हमारे देश की मजबूत होना चाहिए

आन लाइन कथा के दौरान पंडित श्री मिश्रा ने कहाकि हमारे देश की जड़ हमारी शिक्षा है, इसलिए हमारे वेदों आदि का प्रसार होना चाहिए। उन्होंने एक प्रसंग में कहाकि नारायण भगवान विष्णु के हयग्रीव अवतार ने वेदों को बचाया था। दो असुरों ने ब्रह्मा से वेद चुरा लिए थे। वेदों को पुनः प्राप्त करने और सृष्टि को बचाने के लिए, भगवान विष्णु ने हयग्रीव का अवतार लिया, जो घोड़े के सिर और मानव शरीर वाले थे। इस अवतार में, उन्होंने असुरों का वध किया और वेदों को ब्रह्मा को वापस लौटा दिया, जिससे ज्ञान का प्रकाश पुनः स्थापित हुआ।

**बेटा और बेटी सम है, इसमें अंतर नहीं :** नेपानगर की एक बहन का पत्र को पढ़ते हुए सोमवार को पंडित श्री मिश्रा ने कहाकि बेटा और बेटी सम है, इसमें अंतर नहीं है। बेटा और बेटी के बीच कोई अंतर नहीं समझें, बेटे की तुलना में बेटियां कहीं से भी कम नहीं है। उन्होंने बहन के पत्र को पढ़ते हुए बताया कि बहन ने लिखा है कि उनको दो बेटियां थी, रिश्तेदार और घर के कोसते थे, लेकिन भगवान शिव ने मुझे दो बेटे प्रदान किए है, यह सब बाबा शिव के आशीर्वाद से प्राप्त हुआ है।

## नशे से दूरी, है जरुरी अभियानः शहरी में चमक, अंचल में खामोशी

### आदिवासी गांवों सहित निर्धन बस्तियों में चले जागरुकता अभियान तो सार्थक हो पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार जिला पुलिस द्वारा 15 जुलाई से नशे से दूरी है जरुरी अभियान की शुरुआत की गई है। यह अभियान जिले में 30 जुलाई तक संचालित होगा। इस अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन जिले में पुलिस किसी न किसी स्कूल, कॉलेज, सार्वजनिक स्थलों पर कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को नशे के दुष्परिणाम बताने के साथ ही नशे से दूरी का संकल्प दिला रही है। इस अभियान की सराहना भी हो रही है, लेकिन वास्तविकता यह है कि यह अभियान फिलहाल शहरी चमक बना हुआ है। गौरतलब है कि जिले भर में 15 से 30 जुलाई तक चल रहा नशे से दूरी है जरुरी अभियान खूब सुर्खियां बटोर रहा है। कुबेरेश्वर धाम से लेकर रेलवे स्टेशन, निजी कॉलेजों और शहर के व्यस्त चौराहों तक लोगों को जागरूक किया जा रहा है और नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई जा रही है। पुलिस की यह पहल निश्चित रूप से सराहनीय है पर सवाल उठता है कि क्या यह सिर्फ ऊपरी चमक है, जो अंदरुनी क्षेत्रों तक नहीं पहुंच पा रही है।

#### स्कूलों के पास पान-गुटके की दुकानें

मुख्यालिय सहित जिले में अनेक ऐसे स्कूल, छात्रावास हैं, जिनके समीप ही पान-गुटखे की दुकान हैं। जिला मुख्यालय की बात करें तो यहां तो बस स्टैंड से भोपाल नाका रोड पर छात्रावास के पास ही पान गुटखे की दुकान हैं। इन दुकानों पर आमजनों सहित सरकारी कर्मचारी भी सिगरेट के धुएं के छल्ले उड़ाते हुए आसानी से नजर आते हैं। वहीं जिले में अनेक स्कूलों के करीब भी तंबाकू उत्पादों की बिक्री जारी है। स्कूलों के पास पान गुटके की दुकानों से बच्चों पर बुरा असर पड़ता है।

**आदिवासी अंचल और मजदूर बस्तियों में असली चुनौती :** जिले के अनेक आदिवासी अंचल, जहां गरीबी और जागरूकता की कमी के कारण नशे की समस्या विकराल रूप ले चुकी है, वहां यह अभियान कितना प्रभावी होगा, यह देखने वाली बात है। इसी तरह निर्धन बस्तियों में रहने वाले मजदूर परिवार जो दिन भर की कड़ी मेहनत के बाद शाम को अपनी कमाई शराब में गंवा देते हैं, उन्हें भी इस अभियान की जद में लाना जरूरी है, तभी अभियान की सार्थकर्ता होगी।

### 13 फीट लंबे घायल अजगर का रेस्क्यूः खेत में मिला था घायल सांप, इलाज के बाद जर्रापुर के जंगल में छोड़ा



**सीहोर।** जिले के बुधनी वन परिक्षेत्र के महुकलां गांव में एक खेत में 13 फीट लंबा घायल अजगर मिला। खेत में काम कर रहे किसान सुनील मीना को अजगर दिखाई दिया। विशालकाय सांप को देख वह घबरा गया और तुरंत वन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने सर्प मित्र अशोक पारे की मदद से अजगर को सुरक्षित रेस्क्यू किया। सर्प मित्र अशोक पारे ने बताया कि अजगर की पूंछ में चोट थी और वह घायल अवस्था में था। उसे तत्काल बुदनी स्थित पशु चिकित्सालय ले जाया गया। वहां डॉक्टरों की टीम ने प्राथमिक इलाज किया और उसकी हालत अब ठीक है।

**जर्रापुर के जंगल में छोड़ा गया :** इलाज के बाद वन विभाग की टीम ने अजगर को जर्रापुर के जंगल में सुरक्षित रूप से छोड़ दिया। बुधनी वन परिक्षेत्र के रेंजर रक्षित द्विवेदी ने बताया कि यह अजगर काफी उम्रदराज है और अब खतरे से बाहर है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि किसी भी वन्य जीव को देखने पर तुरंत वन विभाग को सूचना दें, ताकि उन्हें सुरक्षित बचाया जा सके।

### नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण, समय-सीमा में हो निर्माण

# लुनिया चौराहे से मछली पुल तक की सड़क चौड़ीकरण कार्य शुरू, ढाई करोड़ से बनेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर को स्मार्ट सिटी के रूप में तब्दील किया जा रहा है। इसके लिए अनेक सड़कों के निर्माण कार्य किए जा रहे है। शहर के सबसे व्यस्ततम मार्ग माने जाने वाले रोड के निर्माण कार्य सोमवार से आरंभ हो गया है।

करीब ढाई करोड़ की लागत से लुनियापुरा चौराहे से मछलीपुल तक बनाई जाने वाली सड़क करीब 11 मीटर चौड़ी होगी और रोड पर डिवाइडर के साथ प्रकाश की व्यवस्था भी की जाएगी। सोमवार को सड़क निर्माण के कार्य का नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित नगर पालिका के अमले ने निरीक्षण करते हुए नपाध्यक्ष श्री राठौर ने सीसी सड़क निर्माण का कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ समयसीमा में करने का निर्देश दिया है। सुबह से ही जेसीबी मशीन से सड़क के दोनों ओर मलबा हटाया जा रहा है। शहर के लुनियापुरा चौराहे से मछलीपुल तक करीब एक किलोमीटर की इस सड़क के निर्माण के बाद जाम से राहत मिलेगी जिससे शहर को धूल से तो मुक्ति मिलेगी ही साथ ही शहर को सुन्दरता प्रदान होगी।



शहर में तेजी से सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। अब तक करीब 150 करोड़ से अधिक के कार्य किए गए है। मध्यप्रदेश और देश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार के कारण शहर की बुनियादी समस्याओं का प्राथमिकता से निदान किया जा रहा है। शहर के अधिकांश पुल, सड़कों पर आकर्षक विद्युत सज्जा, अस्पताल में संसाधनों की बढ़ोतरी सहित सड़कों के निर्माण प्राथमिकता से पूर्ण किया गया है। जिससे हमारा शहर सौंदर्यपूर्ण हो गया है।

## सीहोर शहर के युवाओं ने "नेक्स्ट जेन सुपरस्टार 2025" प्रतियोगिता में मारी बाजी



**सीहोर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्रीय प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा 20 जुलाई को पिपरिया में आयोजित "नेक्स्ट जेन सुपरस्टार 2025" प्रतियोगिता में सीहोर के प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। विभिन्न विधाओं में हिस्सा लेने वाले सभी प्रतिभागी अपने-अपने वर्ग में शीर्ष स्थान पर रहे।

प्रतियोगिता में काव्य पाठ में शोभना कासट ने प्रथम पुरस्कार अर्जित किया, वहीं सिद्धि माहेश्वरी ने क्लासिकल डांस में प्रथम स्थान प्राप्त कर सबका मन मोह लिया। नमन माहेश्वरी को मिस्टर माहेश्वरी की उपाधि से सम्मानित किया गया। सोलो डांस श्रेणी में नंदिनी कुईया ने प्रथम स्थान प्राप्त कर दर्शकों की तालियां बटोरी। वहीं सोलो सिंगिंग में शुभांगी मंत्री ने प्रथम पुरस्कार जीतकर अपनी गायन प्रतिभा का लोहा मनवाया। वाद्य यंत्र प्रतियोगिता में हंसराज मंत्री को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में सीहोर से गई टीम का प्रदर्शन अनुकरणीय रहा और सभी प्रतिभागियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से दर्शकों, निर्णायकों और आयोजन समिति को प्रभावित किया। इस अवसर पर माहेश्वरी महिला मंडल अध्यक्ष आभा हर्षा हुरकट, तृप्ति कुईया, प्रियांश साबू,अंकित कासट,गौरव सोडाणी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। स्थानीय माहेश्वरी समाज और नागरिकों ने विजयी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## खबर संक्षेप




### सांदीपनि विद्यालय में हुआ प्रतियोगिताओं का आयोजन

**बुधनी**।नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत के मार्गदर्शन में थाना शाहगंज द्वारा सांदीपनि विद्यालय में नशे से दूरी है जरूरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर निरीक्षक थाना प्रभारी दिनेश सिंह चौहान द्वारा छात्र,छात्राओं को नशे के दुष्परिणाम सामाजिक बुराइयों एवं उससे बचने के उपायों की जानकारी दी गई साथ ही नशा मुक्ति हेल्पलाइन नंबर 14446 के प्रचार प्रसार के लिए जानकारी साझा की गई कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नशा मुक्त रहने की शपथ दिलाई गई पंपलेट एवं पोस्टर का वितरण किया गया रंगोली,पेंटिंग,पोस्टर स्लोगन,लेखन तथा निबंध लेखन जैसी विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया छात्रों ने इन गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और नशा मुक्ति से संबंधित प्रेरणादायक संदेश प्रस्तुत किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### सार्वजनिक भवन निर्माण के लिए भूमिदान



**सीहोर**। सीहोर जिले के ग्राम छापरी कलां में सभी लोगो की सहमति से लगभग 15000 वर्गफीट भूमि सार्वजनिक भवन निर्माण हेतु दान की गई। जिसमें गांव की महिलाओं का प्रमुख योगदान रहा। भूमि दान करने वालों में हेमसिंह, प्रहलाद सिंह, कुमेर सिंह, प्रेम सिंह, दयाराम, रामबगस, दुर्गा प्रसाद, शिवनारायण, ओमपकाश, गजराज सिंह, गुलाब सिंह, गोपाल सिंह आदि का प्रमुख योगदान रहा।

### तार-फेंसिंग लगाने का आधा खर्च सरकार वहन करेगी

**सीहोर**। फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए खेतों पर तार-फेंसिंग लगाने का आधा खर्चा राज्य सरकार वहन करेगी। अब राष्ट्रीय बागवानी एकीकृत विकास कार्यक्रम के तहत उद्यानकी फसल उगाने वाले कृषक अपने खेत के चारो ओर 5 तार व खम्बे की फेंसिंग लगवा सकते हैं। उद्यानकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा इच्छुक किसानों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। विभाग द्वारा जिलेवार लक्ष्य निर्धारित किया जा चुका है। आयुक्त उद्यानकी के अनुसार उद्यानकी फसलों में सब्जी, फल, फूल एवं मसालों की फसलों को जंगली जानवरों द्वारा क्षति पहुंचाई जाती है।

### यूरिया लेने सुबह 6बजे ही पहुंचकर लाइन में लगी महिलाएं

# यूरिया के लिए महिलाएं व किसान लंबी लंबी कतारों में खड़े रहकर हो रहे परेशान

**किसान लगातार खाद की किलल्त से परेशान हैं। भैरुंदा के सरकारी बेयर हाउस में यूरिया लेने महिलाएं लाइन में खड़ी। किसानों ने कहा सरकार जल्द ही यूरिया खाद की कमी दूर कर किसानों की समस्याएं दूर करें**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

जिले के किसान खाद की समस्या से जूझ रहे हैं। भैरुंदा के शासकीय गोदाम में सोमवार को सुबह 4बजे से ही किसानों की लाइन लगी हुई थी। यूरिया खाद के लिए इस बार पहले खाद पाने के लिए किसान के रुप में महिलाएं खाद लेने पहुंच रही है। खाद की चाहत में वे सरकारी बेयर हाउस में खुद ही सुबह 6बजे से पहुंचीं। और लाइन में लगी लगभग 200 सौ किसानों की बीच यह स्थिति यूरिया खाद के लिए बनी हुई थी।




### खाद नहीं मिलने से किसान परेशान

भैरूंदा में यूरिया खाद की किल्लत से जहां किसान परेशान है तो सरकारी दर पर खाद पाने के लिए भैरूंदा सरकारी बेयर हाउस पर सुबह के 6बजे से ही किसानों के बीच महिलाएं भी लाइन में लगी हुई थीं। बेयर हाउस में एक आधार कार्ड पर पांच बोरी अधिकतम यूरिया खाद दी जा रही थी। किसानों का कहना है कि खाद लेने के लिए पहुंचे हैं ,फिर भी किसानों को मन माफिक यूरिया खाद नहीं मिलने से शासन प्रशासन के प्रति निराशा का भाव देखा गया। हालांकि खाद विक्रेता यूरिया की कमी नहीं होने का दावा कर रहे हैं।

### फ़सल को समय पर यूरिया नहीं मिलने पर नष्ट होने की संभावना है

मक्का की फ़सल को समय पर यूरिया नहीं मिलने पर नष्ट होने की संभावना है। यूरिया खाद के इस संकट से किसानों को मुश्किल में डाल दिया है। भैरूंदा सरकारी गोदाम पर सोमवार को यूरिया खाद मिलने की सूचना पर 300 किसानों के बीच महिलाएं भी सुबह 6बजे से ही पहुंची और लाइन में लगी लम्बी कतर में जहां किसानों के बीच महिलाएं दिखाई दी।उन्होंने कहा यूरिया खाद के लिए सुबह से ही लाइन में खड़े हुए हैं। और अपनी बारी का इंतज़ार कर रहे हैं।

### महिलाओं और किसानों ने बताई अपनी पीढ़ा

महिलाओं ने कहा यूरिया खाद नहीं मिलने की चिंता सता रही है। यूरिया खाद के लिए सुबह के 6बजे से ही लाइन में लगना पड़ा है। लेकिन पर्याप्त खाद नहीं मिला मात्र 5बोरी यूरिया मिली। वहीं



किसानों ने कहा सुबह चार बजे से लाइन में खड़े हुए, बड़ी मशक्कत के बाद यूरिया खाद मिल रही है। इसके लिए 30किमी भाग के सुबह ही लाइन में लग गए थे। खाद की जरूरत दस बोरी यूरिया की है। जबकि खाद मिल रही है पांच बोरी यूरिया खाद मिली। धूप के चलते लाइन में लगने पर हालत भी खराब हो रही है। यूरिया खाद पाने के लिए तीन से चार घंटे लाइन में लगना पड़ रहा है। जिससे किसानों को परेशानी हो रही है। सरकार को चाहिए समय खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करें। ताकि किसान गोदाम पर खाद के लिए पहुंचे तो उसे आसानी से खाद मिल जाए।

### नशामुक्ति अभियान के तहत किया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**भैरूंदा**। थाना द्वारा पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा दिनांक 15 जुलाई से 30 जुलाई तक आयोजित 15 दिवसीय नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत थाना भेरूंदा द्वारा रविवार को पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी भैरुंदा रोशन जैन के मार्गदर्शन मे राय साहब भंवर सिंह स्कूल भैरुंदा में नशा मुक्ति अभियान ꠲नशे से दूरी है जरूरी का आयोजन किया गया।

### अधिवक्ताओं ने किया नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान



**सीहोर**। एडवोकेट चेंबर में सोमवार को अधिवक्ताओ के द्वारा नव नियुक्त सामाजिक राजनीतिक पदाधिकारियों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। अधिवक्ताओं के द्वारा समाजसेवी खाटू श्याम सेवा ट्रस्ट के जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा की विशेष उपस्थिति में नागर धाकड़ युवा संगठन से जुड़े समाजसेवी राजेंद्र नागर के राष्ट्रीय सचिव बनने और पंकज शर्मा के जिला कांग्रेस प्रवक्ता नियुक्त होने पर उनका फूल मालाए पहनाकर स्वागत किया गया और मिष्ठान खिलाकर उनको बधाई शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एडवोकेट श्रवण वस्तवार विजय सक्सेना, अनुज श्रीवास्तव, संजय लोधी भगवान सिह राजपूत, करण ठाकुर, पंकज शर्मा,सेवा यादव, कुतुबुद्दीन शेख, मोहम्मद अली, प्रवीण जैन, अली असगर सैफी अमन वर्मा, निखिल वर्मा जितेंद्र राठौर नागरिक मौजूद रहे।

## भगवान शिव की भक्ति का माह है श्रावण मास, बाबा भोलेनाथ सब पर कृपा करें : जसपाल सिंह अरोरा

**वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व नगर पालिका, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हुए कांवड़ यात्रा में शामिल**



**सीहोर**। सनातन धर्म में भगवान शिव की भक्ति का पवित्र माह सावन मास को माना जाता है। यह महीना भगवान शिव की भक्ति में लीन होने का होता है। सावन मास में जगह-जगह पार्थिव शिव लिंगों का निर्माण किया जाता है, तो वहीं कावड़ यात्राएं भी निकाली जाती हैं। हम सब भाग्यशाली हैं कि हमें सिद्धपुर की नगरी सीहोर में भी कुबेरेश्वर धाम के रूप में भगवान शिव का एक धाम मिला है।

यह बातें भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व नगर पालिका एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने कही। वे सीहोर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र कादराबाद, बड़ा खजुरिया, छोटा खजुरिया, चांदबढ़, निपानिया कला, जानपुर बाबड़िया सहित अन्य गांवों के लोगों के साथ में कावड़ यात्रा में शामिल हुए। यह कावड़ यात्रा ग्रामीण क्षेत्रों से जिला मुख्यालय के नजदीकी कुबेरेश्वरधाम पर पहुंची। इस दौरान श्री अरोरा भी कावड़ लेकर पैदल चले एवं भगवान शिव की भक्ति में लीन नजर आए। इस दौरान श्री अरोरा ने बम-बम भोले के जयकारे भी लगाए एवं सभी लोगों से अपील की कि वे भी श्रावण महीने में कुबेरेश्वर धाम पहुंचे और अपने जीवन की धन्य बनाएं। इस दौरान अरोरा मित्र मंडल सहित उनके समर्थक भी मौजूद रहे।

## सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने उप सरपंच व पंचों ने दिया एसडीएम को आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

विकासखंड की ग्राम पंचायत नीलकंठ के सरपंच संतोष वर्मा को हटाने की मांग को लेकर ओर अनियमितताओं के चलते अविश्वास प्रस्ताव लाने एसडीएम को आवेदन दिया गया है। पंचायत के उपसरपंच समेत 7पंचों ने सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की मांग की है। सोमवार को भैरूंदा एसडीएम मंदन सिंह रघुवंशी को ग्राम पंचायत नीलकंठ के उप सरपंच एवं पंचों ने एकजुट होकर इस मामले में आवेदन भेजा है।

पंचों ने आवेदन में ग्राम पंचायत के सरपंच संतोष वर्मा ने पंचायत के विकास कार्यों नहीं करने अनियमितताएं पाए जाने के आरोप लगाए हैं। तो वहीं प्रधानमंत्री आवास योजनाएं का लाभ दिलाने में 1200 रुपए की रशीद देकर बसूला गया इसका भी आरोप सरपंच संतोष



वर्मा पर लगाया गया है। महिला पंच बोली ग्राम पंचायत नीलकंठ के पंच और सदस्यों को किसी भी तरह की जानकारी नहीं दी जाती है। तीन साल में मात्र एक बार ही ग्रामसभा की बैठक का आयोजन हुआ। विकास कार्यों को लेकर भी कई बार सरपंच से शिकायत की। सरपंच की मनमानी और गुंडागर्दी से दो गांवों के कई लोग परेशान हैं। 55लोगों को प्रधान मंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने पर सदस्य से 1200रुपए की रशीद काट वसूली भी की गई। पंच जमाल खा ने बताया नीलकंठ ग्राम पंचायत के सरपंच संतोष वर्मा को हटाने की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया है। जिसमे एक उपसरपंच एवं 7पांचों की सहमति है। विकास कार्यों की मांग करते पर सरपंच बोलता है सबसे बड़ा सरपंच हु किसी से भी शिकायत कर दो कोई कुछ नहीं कर पाएगा। सरपंच की मनमानी और गुंडागर्दी से सभी पंच और उपसरपंच परेशान है। सरपंच बनाया तब कांग्रेस में थे। एक साल तक अच्छा काम किया। एक साल के वाद भाजपा में शामिल हो गए। उसके बाद से ही रंगदारी दिखाने लगे और अपनी मनमानी से काम करने लगे।

इस संबंध में भैरुंदा एसडीएम मदनसिंह रघुवंशी ने बताया कि ग्राम पंचायत नीलकंठ के उप सरपंच एवं 7पांचों ने सरपंच संतोष वर्मा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पास करने की मांग की गई है। सरपंच पर आरोप लगाए गए हैं। समय पर विकास कार्य नहीं को अनियमितताएं और लापरवाही मनमानी गुंडागर्दी करते हैं। सरपंच को हटाने की मांग की गई है। सभी पांचों सदस्यों की बैठक बुलाई जाएगी पीठासीन अधिकारी को जानकारी भेजी जाएगी, प्रस्ताव पास होने पर फिर से मतदान कराने की प्रक्रिया की जाएगी।

### हरदा में लाठीचार्ज के विरोध में राजपूत समाज ने राज्यपाल के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**भैरूंदा**। राजपूत समाज ने सोमवार को एक रैली निकाली। रेस्ट हाउस से शुरू हुई रैली दुर्गा चौक से होती हुई एसडीएम कार्यालय तक पहुंची। इसमें सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया।राजपूत समाज का कहना है कि हरदा जिला प्रशासन ने महाराणा प्रताप कॉलोनी के सामाजिक भवन में निहत्थे लोगों पर लाठियों से हमला किया। राजपूत समाज के प्रतिनिधियों ने एसडीएम को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इसमें मामले की न्यायिक जांच की मांग की गई है।निष्पक्ष न्यायिक जांच की मांग राजपूत समाज ने कहा कि पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई निर्दयी थी। मामले की निष्पक्ष न्यायिक जांच होनी चाहिए। साथ ही जिम्मेदार प्रशासन पर सख़्त कार्रवाई कर निष्पक्ष जांच हो ओर जल्द ही की जाएं अगर यह कार्रवाई नहीं हुई तो पूरे प्रदेशभर में राजपूत समाज द्वारा शांतपूर्ण रूप से न्याय यात्रा निकाली जाएगी। ज्ञापन के दौरान राजपूत समाज के वरिष्ठ सहित युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### सिद्धपुर सेवा भारती समिति की नवीन कार्यकारिणी हुई गठित




**भैरुंदा**। सिद्धपुर सेवा भारती समिति सीहोर की आज भैरूंदा नगर एवं रेहटी की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा सेवा भारती सीहोर के जिला सचिव कमल सिंह ठाकुर ने की है। जो इस प्रकार है। सेवा भारती नगर भैरूंदा के अध्यक्ष विजेन्द्र शर्मा, उपाध्यक्ष राधिका जैमिनी, सचिव राकेश वर्मा,सह सचिव डॉ श्रीस व्यास, कोषाध्यक्ष, संतोष खंडेलवाल,सह कोषाध्यक्ष रानी पारस वर्मा, सदस्य चेतना वारेला।

सेवा भारती रेहटी अध्यक्ष जुगल किशोर सिसोदिया, उपाध्यक्ष अरुणा गौर, सचिव ,ओमप्रकाश चौहान, कोषाध्यक्ष भरत शर्मा , सदस्य सीता प्रजापति , सीमा चंद्रवंशीइस अवसर पर भैरूंदा नगर की चारों बस्तियों एवं बुधनी और शिवनगर की बस्तियों की भजन मंडली एवं मातृशक्ति की टीम की भी घोषणा हुई।इस कार्यक्रम में मध्य भारत प्रांत के सह सेवा प्रमुख जितेन्द्र राठौर एवं सेवा भारती से राजगढ़ विभाग के पलक धनीराम पवार का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ इस कार्यक्रम में सेवा भारती संस्था को बीस हजार रुपए दान देने वाले भामाशाह मारुती शिशिर , गोपाल संजय पटेल,भैरूंदा राजेश साहू शिव नगर का सम्मान किया गया।इस अवसर पर माननीय जिला संघचालक रामानंद महेश्वरी, राजगढ़ विभाग से बद्री प्रसाद मीणा , सेवा प्रमुख पारस वर्मा , सुनील हिंदू सिंह एवं मातृशक्ति उपस्थित थीं।

### मादक पदार्थ के दुष्परिणामों की बच्चों को दी जानकारी

# ड्रीम्स वर्ल्ड स्कूल में हुआ नशा मुक्ति कार्यक्रम






हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

क्षेत्र के गांव ब्रिजीशनगर स्थित ड्रीम्स वर्ल्ड स्कूल में सोमवार को नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशें के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए इससे दूर रहने की समझाइश दी गई।

बच्चों ने भी नशा मुक्ति जागरूकता के लिए विभिन्न पोस्टर एवं रंगोली का निर्माण किया। साथ ही रैली निकाली गई। गुरुवार को निजी विद्यालय ड्रीम्स वर्ल्ड स्कूल में नशा मुक्ति अभियान के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्रिजीशनगर संकुल प्राचार्य दिवाकर सिंह मुख्य अतिथि एवं सब इंस्पेक्टर शशिकांत शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल संचालक अनिल मालवीय और अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। स्कूल संचालक श्री मालवीय ने अतिथियों को फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान सब इंस्पेक्टर श्री शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी तरह का नशा उस व्यक्ति के नाश का कारण बनता है। गुटखा, तम्बाकू चबाने से केंसर जैसी लाइलाज बिमारी होने का खतरा बना रहता है, वहीं बीड़ी, सिगरेट आदि के धुंए से फेफड़े खराब हो जाते है।

शराब, ड्रग्स आदि से व्यक्ति की चेतना शून्य हो जाती है और वह अपराधिक प्रवृत्ति का हो जाता है। जिससे न सिर्फ वह व्यक्ति बल्कि परिवार भी बर्बाद होने की कगार पर पहुंच जाता है। मादक पदार्थ व्यक्ति, समाज और देश के हानिकारक और नुकसानदायक होता है।

ऐसे में हम सबकी जिम्मेदारी है कि स्वयं नशे से दूर रहकर अन्य लोगों को भी नशें से दूर रहने के लिए जागरूक करें। बच्चों ने नशा मुक्ति जागरूकता के लिए गांव में एक रैली निकाली और रंगोली एवं विभिन्न पोस्टरों का निर्माण किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से हेडसाहब मंगेश मीणा, विक्रम ठाकुर, संकुल प्राचार्य दिवाकर सिंह ठाकुर आदि शामिल थे।

### राठौर क्षत्रिय समाज कस्बा सीहोर की कार्यकारिणी का हुआ गठन




**सीहोर**। राठौर क्षत्रिय समाज कस्बा सीहोर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक राठौर को निर्विरोध चुनाव में अध्यक्ष चुने के पश्चात कार्यकारणी की नियुक्ति 20 जुलाई 2025 को राठौर क्षत्रिय समाज कस्बा कार्यालय सीहोर में की गई। कार्यक्रम में सर्व प्रथम मंदिर के मुख्य पुजारी सीताराम दास को नियुक्ति पत्र प्रदान शुभारंभ किया। अध्यक्ष अशोक राठौर द्वारा नियुक्त किये गये पदों की श्रृंखला में सचिव महेश राठौर बारवा वखेड़ी, महामंत्री प्रहलाद सिंह, कोषाध्यक्ष विनोद, रामेश्वर राठौर, सहकोषाध्यक्ष अनोखीलाल, उपाध्यक्ष संजय पटवारी, उपाध्यक्ष महेश राठौर होटल सेमला वाले, उपाध्यक्ष मिश्रीलाल राठौर, उपाध्यक्ष मोहन फौजी, उपाध्यक्ष राजू राठौर, संगठन मंत्री बाबूलाल राठौर लड्डु, प्रचार संगठन मंत्री पप्पू गणेश राठौर, प्रचार मंत्री डॉ.मुकेश राठौर, प्रचार मंत्री राजेंद्र राठौर, प्रचार मंत्री दिनेश राठौर, प्रचार मंत्री प्रेम राठौर, प्रचार मंत्री सजन राठौर, प्रचार मंत्री राजेंद्र राठौर, प्रचार मंत्री ब्रज, मोहन महेन्द्र राठौर, मीडिया प्रभारी मनीष राठौर, मिडिया प्रभारी बलराज राठौर, मिडिया प्रभारी मुकेश लक्की स्टूडियो, महेन्द्र सिंह व्यवस्थापक, वरिष्ठ सलाहकार पूर्व अध्यक्ष मांगीलाल राठौर खंडवा, पूर्व अध्यक्ष मोहन लाल ऑटो पार्टस, संरक्षक पूर्व अध्यक्ष आत्माराम राठौर, पूर्व अध्यक्ष शिवप्रसाद, रमेशचंद्र चक्की वाले, पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र जी राठौर आदि वरिष्ठजनों का फुल माला पहना कर सम्मान भी किया। सामाजिक संगठन के सभी सदस्यों ने अपने पदभार ग्रहण कर निस्वार्थ भाव से समाज सेवा करने शपथ ग्रहण की। सभी समाज बंधुओं कार्यकारणी के स्वागत मिठाई खिलाकर बड़े उत्साह पूर्वक बधाई शुभ कामनाएं दी । कार्यक्रम के चलते बजरंग दल के जिलासंयोजक विवेक-सतीश जी राठौर के जन्मदिन मनाते हुए उनको अध्यक्ष अशोक राठौर द्वारा साफा बांधकर समाजगणों सहित पुष्प माला पहना कर स्वागत सम्मान कर बधाई व शुभकामनाऐं दी। साथ ही समाज के पूर्वज राष्ट्रवीर श्री दुर्गादास राठौर की 387 वी जयंती मनाने के लिए गंज राठौर क्षत्रिय समाज संगठन द्वारा कस्बा राठौर क्षत्रिय समाज को आमंत्रित किया। जिसमें सभी कार्यकारणी सदस्यों ने कार्यक्रम पहुंचने और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये सभी प्रयास करेंगे ऐसा वचन दिया। कार्यक्रम सभा के बाद सभी सामाजिक बंधुओं की भोजन प्रसादी राठौर क्षत्रिय समाज कस्बा सीहोर अध्यक्ष अशोक राठौर द्वारा करायी गई।

### कालीपीठ थाना क्षेत्रान्तर्गत 10 दिनों पहले नौगांव आश्रम के समीप हुई थी वारदात

# मध्यरात्रि लूट को अंजाम देने वाले 7 आरोपी गिरफ्तार, माल भी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

गत 10-11 जुलाई की दरम्यानी रात्रि कालीपीठ थानाक्षेत्रान्तर्गत राजस्थान रोड पर वाहन रोककर हुई करीब 1 लाख 56 हजार की लूट के मामले का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। इस पूरी वारदात को 7 बदमाशों ने अंजाम दिया था और बाद में लूट की राशि आपस में बांट ली थी। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनसे लूटा गया पूरा माल बरामद कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने ब्यावरा, बीनागंज, झालावाड़, मनोहरथाना, दांगीपुरा, कामखेड़ा इत्यादि जगहों पर घूमते हुए 500 किमी की दूरी तय कर करीब 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। सीसीटीवी के माध्यम से लगे सुराग के बाद आरोपी अंततः गिरफ्तार कर लिए गए। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने रविवार दोपहर कन्ट्रोल रूम में एक प्रेसवार्ता आयोजित कर पूरे मामले पर प्रकाश डाला।

## 50 से अधिक सीसीटीवी खंगालने के बाद मिली सफलता

### टैम्पों के सामने पिकअप अड़ाकर लूटी थी राशि

लादूराम बागरी निवासी अनाज मंडी ब्यावरा भैंसों को बेचने के लिए खेड़ी गांव गए हुए थे। वहां से भैंसे बेचकर वे अपनी पत्नी बिल्लोबाई, भतीजे विक्रम, साले मांगीलाल के साथ सौराम तंवर निवासी तालाबपुरा के टैम्पों से वापस लौटे रहे थे। इस दौरान 10-11 जुलाई की रात्रि करीब 3 बजे जब टैम्पो नोगांव आश्रम के सामने मेन रोड पर पहुंचा तो पीछे से एक पिकअप वाहन ने टैम्पों को ओवरटेक करते हुए पिकअप आगे लाकर खड़ी कर दी। पिकअप में से तीन-चार लोग उतरे और सभी के साथ मारपीट करते हुए उनके पास रखे 1 लाख 56 हजार रुपए सहित दो मोबाइल, पर्स आदि लूटकर भाग गए। घटना के बाद फरियादी लादूराम ने तुरंत कालीपीठ थाने पहुंचकर एफआईआर दर्ज करवाई। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन उपरान्त कालीपीठ टीआई जीतेंद्र अजनारे तकनीकी साक्ष्यों एवं सूचना तंत्र के आधार पर लुटेरों की तलाश शुरू की वहीं विभिन्न क्षेत्रों में लगे अनेकों सीसीटीवी कैमरे चेक करवाए गए।



### पुलिस से बचने बदल दिया था पिकअप का कलर

आरोपी जिस पिकअप वाहन से लूट कारित करके गए थे उन्होंने उसका बॉडी का कलर चेंज करवा दिया था ताकि पुलिस की पकड़ में न आ सकें। परंतु टीम द्वारा की गई जांच में उक्त वाहन चिन्हित कर लिया गया और पुलिस पिकअप मालिक प्रेमपुरा निवासी गणपत तंवर तक पहुंच गई। इसी दौरान मुखबिर से भी सूचना प्राप्त हो गई कि प्रकरण के आरोपी प्रेमपुरा ग्रिड के पास खड़े हुए हैं। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए आरोपियों को पकड़ लिया और बाद में आरोपियों द्वारा आपस में बांटे गए लूट के रुपए भी उनसे बरामद कर लिए।

### इन आरोपियों ने दिया था वारदात को अंजाम

वारदात को गणपत तंवर निवासी प्रेमपुरा, दीपक गोस्वामी निवासी बाकपुरा हाल जलालपुरा, रमेश तंवर ग्राम प्रेमपुरा, रामबाबू तंवर ग्राम भवानीपुरा, सोनू बंजारा निवासी रामगढ़ जिला अजमेर, टोनिया उर्फ टोनू बंजारा निवासी छापडेल जिला भिलवाड़ा राजस्थान व दिलीप तंवर निवासी प्रेमपुरा शामिल हैं।

### पुलिस और अहिंसा की टीम के सदस्यों ने चलाया है अभियान

# तंवरवाड़ को नशामुक्त बनाने नुक्कड़ नाटकों से दिया जा रहा संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

नशा नाश का कारण है, इस संदेश के साथ पुलिस एवं अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की टीम तंवरवाड़ क्षेत्र में नुक्कड़ नाटकों से जागरुकता अभियान सतत रूप से चला रही है। इसी कड़ी में देवलीकला गांव में मच की पीस वालेंटियर वंदना एवं साथियों द्वारा जब शराब, गांजा, अफीम, गुटखा, पाऊच के दुष्परिणामों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जीवंत रूप से प्रस्तुत किया गया।

नाटक की प्रस्तुति में युवतियों ने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति बल्कि उसके पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। यह न केवल स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ता है, बल्कि व्यक्ति की गरिमा, आत्मसम्मान और सामाजिक प्रतिष्ठा भी नष्ट नष्ट कर देता है। नशा व्यक्ति को अंदर से खोखला बना देता है और धीरे-धीरे उसकी निर्णय क्षमता, भविष्य की दिशा समाप्त होती जाती है। कार्यक्रम की मुख्य सूत्रधार वंदना पिछले 15 दिनों से अपने युवा मंच की किशोरियों एवं किशोरों के साथ लगातार अभ्यास कर रही थीं। उनका उद्देश्य सिर्फ एक है कि गांव को नशा मुक्त बनाना और युवाओं को सही दिशा दिखाना।

### संवाद सत्र का भी किया आयोजन

नाटक के अंत में गांव के सभी उपस्थित महिला, पुरुष एवं युवाओं के साथ एक संवाद सत्र भी आयोजित किया गया। इस सत्र में विशेष रूप से यह बताया गया कि कैसे नशे की लत युवाओं को शिक्षा, रोजगार और सम्मान से दूर कर रही है। इस अवसर पर कालीपीठ थाना पुलिस और अहिंसा टीम के सदस्य भी उपस्थित रहे। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि इस तरह की पहल समाज में सकारात्मक चेतना लाती है और प्रशासन भी ऐसे प्रयासों में हरसंभव सहयोग करेगा।

## बाबा महाकाल की सवारी को लेकर नगरवासी उत्साहित, दे रहे दान

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

दान के समान और कोई भी पुण्य नहीं है। महाकवि तुलसीदास द्वारा रचित इस दोहे को तुलसी पंछिन के पिये, घटे न सरिता नीर। दान दिये धन ना घटे, जो सहाय रघुवीर। इस भाव को आत्मसात करते हुए नगर के महादेव मित्र मंडल ने 4 अगस्त 2025 को निकलने वाली सावन सवारी एवं भंडारे के आयोजन को लेकर धन संग्रह करना प्रारंभ कर दिया है नगर में दानदाता समाज सेवियों का भरपूर सहयोग मंडल को मिल रहा है दानदाताओं में भी हर्ष है। मंडल कार्यकारी अध्यक्ष मनोहर सोनी एवं सवारी प्रभारी महेश पाटीदार ने बताया इस कार्य में मंडल सदस्य और पदाधिकारी सक्रियता से लगे हुए हैं। उन्होंने यह भी बताया बाबा महादेव के नगर भ्रमण और पावन दर्शन को लेकर सावन सवारी के लिए नगर में श्रद्धालुओं के मन में काफी उत्साह और उमंग देखा जा रहा है उनकी श्रद्धा भावना देखते हुए लगता है इस बार और अधिक सामाजिक संस्थाध्स्वागत कर्ताओं की ओर से स्वागत मंच बनेंगे।

महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश पुष्पद में बताया कि मंडल, नगर एवं संपूर्ण क्षेत्र की सुख समृद्धि और शांति की कामना से यह भव्य यात्रा निकालता आ रहा है। श्रद्धालु अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर दर्शन लाभ लेकर अपने जीवन को कृतार्थ करें। रविवार को मंडल के सदस्यों द्वारा बस स्टैंड ए बी रोड परशुराम चोराहा अकोदिया नाका के दुकानदारों से धन संग्रह किया सभी दुकानदार बाबा की सवारी को लेकर उत्साहित है और मुक्त हस्त से दान कर रहे हैं इस दौरान मंडल के वरिष्ठ परामर्श पदाधिकारी एवं सभी सदस्य धन संग्रह में शामिल थे।

## बैठक आयोजित कर पेंशनरों ने चिकित्सा भत्ता की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीरापुर

स्थानीय पेंशनर भवन में पेंशनर्स संघ की बैठक आयोजित हुई। जिसमें वर्ष भर की गतिविधियों पर चर्चा की गई। जहां पर अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद ने वर्ष 2024-2025 का आय व्यय प्रस्तुत किया गया जिसे सर्वानुमति से अनुमोदित किया। तथा निर्णय किया गया की शासन से चिकित्सा भत्ता, केंद्रीय दर महंगाई भत्ता देने, धारा 49 की समाप्ति सहित अन्य सुविधाएं लागू की जाए। बैठक की अध्यक्षता पूर्व एसडीएम आरएन कुशवाहा ने की। जहां पर प्रमुख रूप से ठाकुर मोहन सिंह जमींदार, सुरेश भावसार, मोहनलाल हिंडोनिया, चुन्नीलाल कुशवाहा, जेसी गुप्ता, ओम गुप्ता, देवीलाल चौहान, रामबाबू शर्मा, मोहनलाल स्वर्णकार, शिवनारायण मंडलोई सहित अन्य पेंशनर उपस्थित रहे।

## कावंड़ियों का छापीहेड़ा में स्वागत, उज्जैन से पैदल चलकर लाए जल सिकंदरी महादेव पर होगा अर्पित




हरिभूमि न्यूज ▶▶छापीहेड़ा

सावन के महीने में बमबम का नारा चारों तरफ गूंजता है तो मानो वायुमंडल में एक अलख जागृत हो जाती है उसी अलख से धरती के सभी जीवों को सेसनातनी पुरातत्व काल से भक्ति में अर्जित रहता आया जो आज के नवयुवकों मैं जोश की तरह दिखाई पड़ता है सावन के इस पवित्र महीने में शिप्रा जल कावड़ भरकर उज्जैन से नंगे पैर पैदल चलकर भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए ग्राम सिकंदरी के सरपंच प्रतिनिधि रामबाबू नागर और ईस्ट मित्र कई भक्तों की टोली का नगर छापीहैड़ा तनिष्क रेस्टोरेंट के सामने मंडल अध्यक्ष बद्रीलाल रजक अमित झंझावात सागर सिंगी बाबूलाल गुप्ता नाटाराम वाले तथा नगर के कई वरिष्ठ लोगों ने कांवड़ यात्रियों का स्वागत किया।

## देशभक्ति की मिसाल : पूर्व नपाध्यक्ष रूपल हर वर्ष सैनिकों को भेजी जाती हैं राखियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

देश की सीमाओं पर तैनात भारतीय सेना के जवान कठिन परिस्थितियों में अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हैं। चाहे कड़कड़ाती सर्दी हो, झुलसाती गर्मी या मूसलाधार बारिश। उनकी सेवा और त्याग के प्रति सम्मान प्रकट करने आम नागरिक अपने-अपने स्तर पर विभिन्न प्रयास करते हैं। ऐसा ही एक प्रेरणादायक कार्य विगत 11 वर्षों से सारंगपुर की पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रूपल प्रमोद सादानी द्वारा किया जा रहा है। वे हर वर्ष अपने हाथों से रक्षा सूत्र (राखियां) बनाकर रक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली को स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजती हैं। उनका यह प्रयास सैनिकों के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना का अनूठा उदाहरण है, जिसकी क्षेत्र में व्यापक सराहना होती रही है। गौरतलब है कि अपने कार्यकाल के दौरान रूपल सादानी ने 17 माह का वेतन 81,700 भी पुलवामा हमले में शहीद हुए सैनिकों के परिवारों के कल्याण हेतु बनाए गए कोष में दान कर दिया था। इस कार्य के लिए उन्हें राज्यभर में प्रशंसा मिली थी। उनके इस सतत प्रयास को न केवल देशप्रेम की भावना से ओतप्रोत बताया जा रहा है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए एक अनुकरणीय प्रेरणा भी है।

# सीएम का कुरवाई आना क्षेत्र के लिए गौरव की बात, विकास को नई दिशा मिलेगी: जिपं अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरवाई

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित कुरवाई दौरे को लेकर जनपद पंचायत कार्यालय कुरवाई में एक समीक्षा बैठक हुई। बैठक की जिपं अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त गीता कैलाश रघुवंशी ने की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री के स्वागत-सत्कार, मंच व्यवस्था, अतिथि प्रबंधन, आमंत्रण पत्र वितरण, सुरक्षा व्यवस्था, प्रचार-प्रसार और जनसहभागिता जैसे अहम बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों को विभागीय जिम्मेदारियां सौंपते हुए समन्वित और समयबद्ध कार्य की अपेक्षा



जताई गई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गीता रघुवंशी ने कहा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कुरवाई आगमन हमारे लिए गर्व का विषय है। यह न केवल क्षेत्र के विकास को नई दिशा देगा, बल्कि हमारी सांस्कृतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक विरासत को भी एक नई पहचान दिलाएगा।

### विधायक सप्रे ने सरपंच सचिवों को दिए निर्देश

बैठक में प्रमुख रूप से शामिल हुए विधायक हरिसिंह सप्रे ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 23 जुलाई को प्रस्तावित कुरवाई दौरे को लेकर शनिवार को जनपद अंतर्गत सरपंचों एवं सचिवों को संबोधित किया। विधायक सप्रे ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने और अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। सभी सरपंचों और सचिवों ने कार्यक्रम को सफल बनाने की प्रतिबद्धता जताई। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक ग्राम में जनसंपर्क अभियान चलाकर हितग्राहियों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाएगा।

### यशराज गार्डन में सफाई कर्मियों का सम्मान आज

**सीहोर।** नगर पालिका के देश में छटवे नंबर व प्रदेश में नबंर वन आने पर नगर पालिका के सभी सफाई कर्मियों का यशराज गार्डन में मंगलवार को शाम 6 बजे नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर सम्मान करेंगे। नपाध्यक्ष ने बताया कि नगर पालिका में लगभग 400 सफाईकर्मी है, जिनकी मेहनत व स्वच्छता को लेकर किए गए कार्य से यह संभव हो सका है। इस सम्मान समारोह में आप सभी से शामिल होकर सफाई मित्रों का उत्साह वर्धन करें।

### लोक सेवा केंद्र पर 10 हजार का जुर्माना

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर शमशाबाद तहसील स्थित लोक सेवा केंद्र में अनियमितताएं पाए जाने पर संचालक पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने बताया कि केंद्र में निर्धारित शुल्क से अधिक राशि वसूलने और सेवाओं में अनियमितता की शिकायतें मिल रही थीं। जांच में दोष सिद्ध होने पर आरएफपी के प्रावधानों के तहत यह कार्रवाई की गई।

# सिद्धेश्वर महादेव मंदिर समिति की बैठक आयोजित हुई

**जीरापुर।** पुलिस थाना परिसर स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमें विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई तथा आगामी धार्मिक आयोजन मनायें जाने पर विचार किया। इसी दौरान समिति के माध्यम से मंदिर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को व्यवस्थित एवं हर्षोल्लास से मनाया जाने का तय किया। तथा मंदिर समिति में पदेन अध्यक्ष थाना प्रभारी रहेंगे। सचिव पद पर राजेश गुप्ता नाना, कोषाध्यक्ष अशोक गुप्ता परोलिया सहित संरक्षक रामेश्वर टांक मोहनसिंह राजपूत, रामचंद्र सोनी, मुरलीधर वर्मा, दिनेश जमींदार, गिरीराज गुप्ता, हेमंत जोशी, गिरीराज सिंगी, मुरली टांक, शिवप्रसाद मेरोठा, रामनारायण सोनी, देवकीनंदन जमींदार, बंकट माहेश्वरी को बनाया गया जो मंदिर व्यवस्था को सुचारू अंजाम देने में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे।

मंदिर की दान पेटी वर्ष में दो बार खोली जायेंगी जिसके लिए सदस्य के नाम भी तय किए गए। किसी भी प्रकार के हाल में होने वाले कार्यक्रमों की चाहें वह निजी या सामुहिक आयोजन हो पांच सो रूपए की रसीद चार्ज लगेगा एवं तीन सो रूपए सफाई चार्ज अग्रिम लिया जाएगा कार्यक्रम आयोजित करने वाले द्वारा सफाई नहीं कराने कि स्थिति में राशि वापस नहीं की जाएगी।

### वार्ड-4 की महिलाओं ने निकाली कांवड़ यात्रा

# नेवज मैया के जल से किया खोयरी महादेव का अभिषेक



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

श्रावण के पवित्र माह में विभिन्न स्थानों पर धार्मिक आयोजन चल रहे हैं। कहीं भक्तों द्वारा कांवड़ यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है तो कहीं शिवालयों में पूजन, अभिषेक इत्यादि चल रहे हैं। इसी कड़ी में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी वार्ड-4 कालाखेत की मातृ-शक्तियों द्वारा रविवार को कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया।

वार्ड-4 की पार्षद सरोज कटारिया, सुगन मालवीय सहि अन्य महिलाओं के नेतृत्व में ढोल-ढमाकों के साथ कालाखेत स्थित मंदिर से भोलेनाथ के जयकारों के साथ आरंभ हुई यात्रा छोटे पुल पहुंची। यहां से कांवड़ में नेवज मैया का जल भरते हुए यात्रा खोयरी स्थित बैजनाथ महादेव मंदिर पहुंची जहां सभी ने भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्चन किया।

**तीन दिनों तक बनाए जाएंगे पार्थिव शिवलिंग-** नगर की धर्मप्रेमी महिलाओं द्वारा श्रावण मास में विगत 10 वर्षों से पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण किया जा रहा है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी इंगले कॉलोनी स्थित आर्शिवाद हनुमान मंदिर में महिलाएं, युवतियां और कन्याएं पार्थिव शिवलिंग बनाने में जुटी हुई हैं। शनिवार से आरंभ हुआ यह पुनीत कार्य सोमवार तक चलेगा।

### सारंगपुर का गौरवशाली शिवधाम बना आध्यात्मिक चेतना का केंद्र

# नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर : श्रद्धा, इतिहास और दिव्यता का संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

मालवा की पुण्यभूमि पर अवस्थित नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि ऐतिहासिक और स्थापत्य दृष्टि से भी अद्वितीय है। सारंगपुर के पुराने बस स्टैंड क्षेत्र में स्थित यह प्राचीन शिवालय नगर की आत्मा के समान है, जिसकी दिव्यता श्रद्धालुओं के हृदय को शिवत्व से भर देती है। संवत 1234 में राजा सारंगदेव द्वारा स्थापित यह मंदिर नगर के प्राचीनतम शिव मंदिरों में से एक है। राजा सारंगदेव की शिवभक्ति और स्थापत्य-कला की दृष्टि आज भी इस धाम के रूप में जीवंत है।

मंदिर का स्थापत्यशास्त्र ऐसा है कि श्रद्धालु की दृष्टि और मन दोनों शिवमय हो जाते हैं। गर्भगृह में विराजित स्वयंभू शिवलिंग, जो धातु निर्मित नाग को धारण किए हुए हैं, भक्तों को प्रत्यक्ष दिव्यता का अनुभव कराते हैं। सभा मंडप में ध्यानमग्न नंदी महाराज और प्रांगण में विद्यमान वटवृक्ष (कल्पवृक्ष) यहां के आध्यात्मिक वातावरण को और भी गहन बनाते हैं।




### चमत्कारी शिवधाम के रूप में मान्यता

यह मंदिर केवल ईंट-पत्थरों का ढांचा नहीं, बल्कि आस्था और भावनाओं की जीवंत अभिव्यक्ति है। श्रद्धालु यहाँ बिल्वपत्र, गंगाजल, धतूरा, फूल और मिष्ठान्न के माध्यम से अपनी भक्ति अर्पित करते हैं। लोक मान्यता है कि सच्चे मन से की गई प्रार्थना यहाँ निष्फल नहीं जाती कृ अनेक श्रद्धालुओं ने नीलकंठेश्वर महादेव के चमत्कारों को प्रत्यक्ष रूप में अनुभव किया है।

### श्रावण मास में बनता है आध्यात्मिक उत्सव स्थल


श्रावण मास में मंदिर का वातावरण अनुपम बन जाता है। प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक करने आते हैं। दीपमालिकाएँ, वाद्य-निनाद, और भजन-कीर्तन से मंदिर परिसर गूंज उठता है। मान्यता है कि श्रावण मास में नीलकंठेश्वर के दर्शन मात्र से सौ जन्मों का पुण्य प्राप्त होता है।

### संरक्षण और संवर्धन की आवश्यकता

यह शिवधाम सारंगपुर की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर है। इसकी दिव्यता, शांति और ऐतिहासिकता आने वाली पीढ़ियों तक अक्षुण्ण रहे कृ इसके लिए आवश्यक है कि जन-जागरूकता के माध्यम से इसके संरक्षण और प्रचार-प्रसार को प्राथमिकता दी जाए।नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर न केवल शिवभक्ति का प्रतीक है, बल्कि मालवा की सांस्कृतिक चेतना का जीवंत स्तंभ भी है कृ एक ऐसा पवित्र स्थल, जो आज भी आत्मा को शिवत्व की ओर प्रेरित करता है।

**खबर संक्षेप**

## फसल बीमा कंपनी और सरकार किसानों को लूट रही है: बैरागी



**श्यामपुर।** अखिल भारतीय किसान सभा के कार्यकारी अध्यक्ष प्रहलाद दास बैरागी ने कहा कि मध्यप्रदेश और केंद्र सरकार बीमा कम्पनियो से सांठगांठ कर किसानों को लूट रहे है। पी सईनाथ रीपोर्ट के अनुसार एक सीज़न खरीब में जो प्रिमियम राशि 2 प्रतिशत किसानों से वसूली जाती हैं, अलइंडीया का औसत एक जिले से 70 से 75 करोड़ के लगभग होती है बाकी 98 प्रतिशत राशि केंद्र और राज्य सरकार बराबर हिस्सेदारी से मिलाकर बीमा राशि पूरी करते हैं। बैरागी ने रोष प्रगट करते हुए कहा कि 2020 का खरीब का बीमा 710 करोड़ का कृषि बीमा का डिडौरा वर्तमान कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री थे पिटा था। सही स्थिति तो यह थी किसानों को जो बीमा राशि मिली उससे कैई गुना बीमा कम्पनी ने लाभ अर्जित किया। फ़सल बीमा किसानों के फयादे के लिए नहीं सिर्फ पूंजीपतियों की कंपनियों को फायदा पहुंचाने की योजना है। हम केंद्र और राज्य सरकार से मांगा करते हैं, किसान के खेत को इकाई माना जाए एवम् फसील को क्षति होने पर 45 दिवस के अंदर बीमा राशि किसानों उपलब्ध करबाई जाए अगर बीमा कम्पनी बीमा क्लेम देने में लेट लपिती करें कम्पनी पर कड़ी कार्रवाई करते हुए किसानों को डबल भुगतान किया जाए।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक

**सीहोर।** आगामी 15 अगस्त को राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास, उमंग व उत्साह के साथ मनाने के लिए कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने सीहोर जिला मुख्यालय सहित पूरे जिले में स्वतंत्रता दिवस के गरिमामय एवं भव्य आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

### सावन के दूसरे सोमवार को शिवालयों में पहुंचकर शिव भक्तों ने किया भोलेनाथ का जलाअभिषेक

# पांडवकालीन शिव मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़, शिव भक्तों की देर रात तक लगी रही कतार, गूंजे भोले शंकर के जयकारे







सावन के दूसरे सोमवार को कांवड़ियों ने पवित्र नदियों के जल से भगवान भोलेनाथ का जलाअभिषेक कर पूजा अर्चना की।



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा/जावर/खाचरोद

सावन के दूसरे सोमवार को आष्टा , जावर, मेहतवाड़ा ,सिद्धि गंज, खाचरोद ,कोटरी, मैना आदि क्षेत्रों के शिव मंदिरों में सुबह 5 बजे से भक्त पूजा अर्चना करने पहुंचे इस दौरान शिव मंदिरों में मंदिर समितियां ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए सभी ने कतारबद्ध होकर पूजा अर्चना की। बता दे की वैसे तो पूरे सावन महीने में शिव मंदिरों में पूजा अर्चना का दौर चलता है लेकिन सोमवार के दिन यह संख्या हजारों में बढ़ जाती है सभी शिव मंदिरों में सावन के दूसरे सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे या जरूर है कि दूसरे सोमवार को बारिश नहीं हुई जबकि पहले सोमवार को रिमझिम बारिश में भक्तों ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए थे।

### प्राचीन शंकर मंदिर में रही भीड़

आष्टा ब्लॉक का ऐतिहासिक प्राचीन और चमत्कारिक शिव मंदिर शहर के पार्वती नदी किनारे स्थित है सुबह 5 बजे से भक्तों की कतार लगी हुई है दोपहर 12 तक यहां 5000 से भी अधिक भक्तों ने कतर में लगकर भोलेनाथ के दर्शन किए। इस संबंध में मंदिर के महंत हेमंत गिरी ने बताया कि यहां शिव मंदिर दूसरों जैसा नहीं है यह ऐतिहासिक दुर्लभ और चमत्कारिक मंदिर है यहां पांडव कालीन शिव मंदिर में रावण भी पूजा करने पहुंचा था यहां अभी तक बड़े-बड़े फिल्म कलाकार राजनेता भी पहुंचेमंदिर में मान्यता है कि जो भी यहां भगवान भोलेनाथ की सच्चे मन से पूजा अर्चना करते हैं उनकी मनोकामना पूर्ण होती।

### पार्वतेश्वर महादेव की दिव्य कृपा से ही हमारे नगर का अस्तित्व है: कैलाश परमार

श्रावण मास में भगवान भोलेनाथ के प्रति भक्ति और श्रद्धा का उत्सवी माहौल है। मंदिरों में भारी भीड़ उमड़ रही है। शिवालयों में ॐ नमः शिवाय और हर हर महादेव के नारे गूंज रहे हैं । पार्वती तट स्थित प्राचीन शिवालय में सावन के दूसरे सोमवार को प्रातःकाल से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। पांडव कालीन इस शिवालय में भक्तों की सुविधा के लिए मन्दिर विस्तार और निर्माण कार्य भी साथ साथ चल रहा है। पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने साथियों के साथ भगवान के दर्शन और अभिषेक के लिए प्राचीन शिवालय पहुंचे । मन्दिर के महंत हेमंत गिरी ने पूजन कार्य संपादित करा कर पूर्व नपाध्यक्ष को निर्माण कार्य का अवलोकन कराया। पिछली परिषद में उनके कार्यकाल के दौरान मन्दिर के समीप हुए शंकर घाट निर्माण और कांक्रीट रोड के निर्माण की उपयोगी महत्ता का अनुमोदन करते हुए महंत हेमंत गिरी ने पार्वतेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों की दर्शन व्यवस्था के बारे में भी जानकारी दी। विधि पूर्वक की गई पूजन अभिषेक तथा निर्माण वार्ता के दौरान भगवताचार्य कुमेरसिंह मिठ्ठुपुरा, शिवभक्त कन्हैयालाल परमार, नरेंद्र सिंह भाटी, पटेल बद्रीप्रसाद निपानिया, विनोद धनगर, ब्रह्माकुमारी दीदी ,दिलीप भोजवानी , रमेश पिपलोदिया, समाजसेवी दिनेश सोनी,राहुल राय, देवेंद्र परमार आदि उपस्थित थे।

### तपोभूमि देवबड़ला में बाबा विल्वैश्वर महादेव को श्रद्धालुओं ने जल अर्पण किया

**जावर।** मां नेवज नदी के उद्गम स्थल व पुरातात्विक धरोहर देवांचल धाम देवबड़ला बिलपान में बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवबड़ला पहुंचे मंदिर समिति के अध्यक्ष ओंकार सिंह भगत जी ने बताया तुम ज़रा ज़रा सी परेशानियों से घबरा जाते हो, थोड़ा सा दुःख मिला तो पगला जाते हो, तनाव में आ जाते हो, विषाद में पड़ जाते हो। परेशानियों को सहन नहीं कर पाते हो। देखो अपने आराध्य देव शिव को श्मशान की भभूत शरीर पर गले में भयानक नाग विषपान से समस्त कंठ नीला लेकिन अविचलित ध्यान मगन चेहरे पर परम शांति यही सीखना है। हम ने अपने आराध्य देव से दुःख में कष्ट में विचलित न होना अपना मानसिक संतुलन रखना, शांत रहना ,याद रखें सुख और दुःख मन की अवस्थाएं हैं। हो सकता है कि हमारा मन सुख में भी दुःखी रहे और दुःख में प्रसन्न रहे। लेकिन हम को सुख और दुःख दोनों में समन्वय करना है दोनों में समान रहना है। देवबड़ला स्मारक इंतजार कुंवर विजेंद्र सिंह भाटी ने बताया देवाधिदेव महादेव भूत भावन भगवान शंकर की आराधना का पर्व साधना आस्था श्रद्धा विश्वास का पवित्र श्रावण मास मे क्षेत्र की माता बहने व भक्ति जन ग्वाली, चौबारा जागीर, नानुखेडा, कोपला, पगारीया हाट, आदि गांवों से कावड़ कलश में जलने पर बाबा महादेव को चढ़ाने पैदल आते हैं। बाबा का जलाभिषेक कर क्षेत्र की सुख शांति के लिए मंगलकामनाएं करते हैं।

### कांवड़ियों का किया स्वागत

**खाचरोद।** प्रखंड खाचरोद में आने वाले ग्राम पगारिया हाट के युवा कार्यकर्ता पतित पावन मां नर्मदा के नेमावर तट से भगवान सिद्धेश्वर महादेव का दर्शन पूजन कर पवित्र जल भरकर समरसता कावड़ यात्रा प्रारंभ हुई। जो सोमवार को ग्राम खाचरोद पहुंची। जहां हनुमान मंदिर पर उनका स्वागत कर भोजन प्रसादी करवाई गई। इस अवसर पर समरसता प्रमुख राजेंद्र सिंह टाक, जिला उपाध्यक्ष रेवा शंकर जाट, प्रखंड अध्यक्ष बलराम जाट, भुजराम जाट, सुवालाल जाट, दीपक जाट, अंबाराम जाट, आत्माराम जाट, कैलाश बैरागी, संतोष महेश्वरी जितेंद्र सोनी, बलराम जाट, दयाराम जाट आदि लोगों ने स्वागत किया।

## भुजरिया का त्यौहार मनाने विकास को दी अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के स्थानीय काछी मोहल्ला स्थित राधा कृष्ण मंदिर में पटेल जगदीश कुशवाहा के नेतृत्व में समस्त कुशवाहा समाज में धोनी यंत्र के माध्यम से सूचित करते हुए रविवार को समस्त कुशवाहा समाज जनों की उपस्थिति में मीटिंग का आयोजन किया गया। सभी कुशवाहा समाज बंधुओ ने आगामी कुशवाहा समाज का परंपरागत त्योहार रक्षाबंधन भुजरिया पर्व को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाने के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए विकास कुशवाह को मनोनीत किया गया। साथ ही उपाध्यक्ष विनोद कुशवाहा सचिव पद के लिए रुद्र कुशवाह के नाम का चयन किया नवनियुक्त अध्यक्ष एवं पदाधिकारी का ढोल नगाड़े एवं आतिशबाजी चलाकर मिठाई खिलाकर पुष्प माला व साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया कुशवाहा समाज जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद ने जिला कुशवाहा समाज की ओर से आव्हान करते हुए कहा कि हम हमारे पूर्वजों के परंपरिगत त्योहार रक्षाबंधन भुजरिया जन्माष्टमी को बड़े ही उत्साह उमंग एवं आपसी प्रेम भाईचारे के साथ धूमधाम से मनाएंगे इस अवसर पर कुशवाहा समाज अध्यक्ष रवि कुशवाहा, तहसील अध्यक्ष राजकुमार कुशवाहा, वरिष्ठ समाजसेवी सेवाराम कुशवाहा, युवा समाजसेवी राम कुशवाहा,लव कुश जयंती पूर्व अध्यक्ष नारायण कुशवाहा, कृषि व्यवसायिक धरम कुशवाहा, सोनू कुशवाह, लोकेश कुशवाहा, गोपाल कुशवाहा, पवन कुशवाहा, कमलेश कुशवाहा, नरेंद्र कुशवाहा, जुगल कुशवाहा, मोहन कुशवाहा आदि कुशवाहा समाज बंधु उपस्थित रहे सभी ने नवनियुक्त अध्यक्ष विकास कुशवाहा को बधाई दी।


## वन अमले ने की कार्रवाई, लकड़ी जब्त



**खाचरोद।** वन अमले को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि बड़लिया रोलागाव रोड से एक पुरानी बोलेरो पिकअप वाहन अवैध लकड़ी भरकर आ रहा है जिसकी सूचना पर तत्काल रेंजर नवनीत झा अपनी टीम के साथ रोलागांव रोड पर पहुंचे जहां उन्हें पिकअप वाहन बोलोरो आती दिखी रोककर वाहन को चेक किया। जिसमें अवैध दो फडी सतकट जलाऊ लकड़ी पाई गई जिसको टीम ने जब्त कर आरोपी शेख फिरोज पिता शकील शेख निवासी डोराबाद को गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण दर्ज कर करवाई की जा रही है। कार्रवाई में रेंजर नवनीत झा परिक्षेत्र सहायक रोलागाव कुमेर सिंह चौहान डिप्टी रेंजर शैलेंद्र सिंह वनरक्षक कपिल यादव बहादुर सिंह ठाकुर की भूमिका रही।

## हाइवे पर मवेशियों से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने तैनात किया कैटल रेस्क्यू व्हीकल

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शहरों से लेकर हाईवे तक आवारा पशु खुलेआम घूमते देखे जा सकते हैं, जो खासकर रात के समय वाहनों की चपेट में आ रहे हैं। इससे न केवल गंभीर सड़क हादसे हो रहे हैं, बल्कि कई गोवंश घायल या मृत भी हो रहे हैं। देवास–भोपाल मार्ग पर गोवंश को हटाने कैटल रेस्क्यू व्हीकल तैनात है। रात्रि में पशुओं की पहचान के लिए उनके गलों में चमकने वाली पट्टियां लगाई जा रही हैं। राजीव मिश्रा, कॉरिडोर मैनेजर ने बताया कि यह कार्रवाई एमपीआडीसी के निर्देशों के तहत की जा रही है। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई से यह अभियान लगातार जारी है, जिसके अंतर्गत आवारा गोवंश को मार्ग से हटाकर आसपास की गौशालाओं में छोड़ा जा रहा है।

## एसडीएम के आश्वास पर 2 दिन के लिए ग्रामीणों ने धरना किया स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



ग्राम खेड़ापूरा के ग्रामीणों का गुस्सा फुटकर सड़कों पर दिखा। विगत चार दिन से गांव के लोग गांव में ही धरना दे रहे थे। स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी भी गांव पहुंचे थे। जिन्होंने केवल आश्वासन दिया। लेकिन अभी तक रोड पर किसी तरह का कोई काम नहीं लगा है। गांव खेड़ापूरा के ग्रामीण गांव में सड़क न होने की वजह से कई दिनों से परेशान थे। लोगों का कहना है कि हमारे गांव को आज तक गांव का दर्जा भी नहीं दिया गया है। जबकि वर्तमान गांव की आबादी 800 के लगभग है। जहां पर गांव के लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। पंचायत द्वारा भी गांव पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा था। तब नगर परिषद जावर के पूर्व अध्यक्ष शैलेश कुमार वैद्य को यह बात पता चली तो वहां गांव के लोगों के बीच पहुंचे एवं गांव के लोगों से चर्चा की।

शैलेश के नेतृत्व में सभी ग्रामीण ग्राम खेड़ापूरा से निकले ग्रामीणों के साथ युवा नेता जीवन राज द्रविड़ ने भी मोर्चा संभाला तथा गांव के लोगों का दर्द समझते हुए वह भी पैदल निकल पड़े। जैसे ही यह बात विभिन्न पार्टियों एवं संगठनों को पता चली तो कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष कमल सिंह पहलवान, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर, युवा नेता शैलेंद्र बावड़ी, करणी सेना अध्यक्ष अंकुश ठाकुर, समाजसेवी राजेंद् टगर ने विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया। सभी लोग तहसील कार्यालय जावर पहुंचे तथा तहसील के बाहर इतनी भारी संख्या में ग्रामीणों को देखकर तहसीलदार जावर ओमप्रकाश चोरमा ने उनके दर्द को समझा तथा प्रधानमंत्री सड़क योजना की अधिकारी श्रीमती अवस्थी को तहसील कार्यालय पर बुलाया जहां उन्होंने गांव की सड़क स्वीकृत होने की बात कही तथा तत्काल टेंडर करवा कर सड़क कार्य प्रारंभ करवाने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों को वादा किया कि 2 दिन के अंदर अंदर ग्राम खेड़ापूरा मै मोरम तथा गिट्टी चुरी का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। इस बात पर सभी ग्राम वासियों ने एसडीएम की बात पर विश्वास किया तथा तहसीलदार जावर के समक्ष 2 दिन के लिए धरने को स्थगित किया ग्रामीणों ने कहा कि यदि दो दिन के अंदर कार्य प्रारंभ नहीं हुआ तो वह दो दिन बाद धरने रप बैठ जाएंगे। इस अवसर पर समाजसेवी मानसिंह विक्रम सिंह ठाकुर, जयदीप मंडलोई ,करण सिंह ,नरेंद्र सिंह बड़ोदिया, गजराज सिंह बड़ोदिया ,गोविंद सिंह बड़ोदिया, जीवन ,प्रभु लाल, चंदर सिंह, लखन सिंह एवं भारी संख्या में बुजुर्ग महिलाएं एवं स्कूल जाने वाले छोटे बच्चे भी शामिल थे।

### मोबाइल व्यापारी एसोसिएशन के गठन को लेकर हुई बैठक

## तुतलानी बने अध्यक्ष, कार्यकारणी का भी किया गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शहर के मोबाइल व्यापारी एसोसिएशन का गठन किया गया है जिसमें सर्वसम्मति से आयुष्मति टेलीकॉम के दीपक तुतलनी को अध्यक्ष चुना गया। इस दौरान नवनियुक्त अध्यक्ष दीपक तुतलानी का फूल माला पहनाकर भव्य रूप से स्वागत किया गया!आपको बता दें की शहर में बड़ी संख्या में मौजूद मोबाइल व्यापारी संघ ने एक बैठक का आयोजन किया जिसमें सभी व्यापारियों की आपसी सहमति से बस स्टैंड स्थित आयुष्मान टेलीकॉम के दीपक तुतलनी को अध्यक्ष चुना गया! इस अवसर नवनियुक्त अध्यक्ष दीपक तुतलनी ने कहा की मेरे साथी व्यापारियों के हितों के लिए लड़ना और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए में सदैव तत्पर रहूंगा। वही नवनियुक्त अध्यक्ष दीपक तुतलानी ने रविवार को इंदौर भोपाल बायपास पर कार्यक्रम में अपनी मोबाइल एसोसिएशन की कार्यकारणी का भी गठन किया। जिसमें मोबाइल एसोसिएशन का उपाध्यक्ष लक्की गुप्ता, विकास, कोषाध्यक्ष ऋतिक को महामंत्री भरत नाकोड़ा को सचिव अभिषेक आर्य, पंकज रवि मोबाइल को सह सचिव विशाल जैन, रोहीत ताम्रकर, स्वप्निल, गौरव को,प्रवक्ता अर्जून ठाकूर को मीडिया प्रभारी पुनीत वर्मा, श्रेयांश जैन को और प्रचार मंत्री राहुल धनगर गोलू पांचाल को बनाया गया।

इस दौरान अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाडा, बीजेपी मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, पार्षद रवि शर्मा, व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष रूपेश राठौर,पत्रकार कमल पांचाल ने मोबाइल एसोसिएशन के नवनियुक्त अध्यक्ष दीपक तुतलनी सहित नवीन कार्यकारणी के सदस्यों का फूल माला पहनाकर स्वागत कर शुभकामनाएं दी! इस मौके पर मोबाइल एसोसिएशन के विकास चौरसिया, दीपक राठौर सहित मित्र शेख माजिद, नासिर खा, राकेश भेरू मौजूद रहे।

## कामिका एकादशी पर बाबा श्याम के दरबार में दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कामिका एकादशी पर सोमवार को सैकड़ाखेड़ी पर स्थिति बाबा श्याम के मंदिर पर शहर सहित जिले भर से श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे। खाटू श्याम मंदिर के संस्थापक ऋषि सोलंकी ने बताया कि सोमवार को कामिका एकादशी पर सीहोर, भोपाल, आष्टा, इछावर सहित आसपास के श्रद्धालु बडी संख्या में दर्शन करने पहुंचे।

कई पैदल श्रद्धालुओं का जत्था भी बाबा श्याम का निशान लेकर मंदिर पहुंचे। मंदिर समिति अध्यक्ष जगदीश सोलंकी ने बताया कि बाबा के दरबार में प्रत्येक एकादशी पर श्रद्धालुओं द्वारा बाबा श्याम के भजनों की प्रस्तुति दी जाती है, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय बन जाता है। बाबा श्याम का आकर्षक श्रृंगार भक्तों को अपनी ओर आकर्षित करता है।

श्रद्धालु अपनी मनोकामना लेकर दरबार में अर्जी लगाने पहुंचते है। मनोकामना पूर्ण होने पर दोबारा मंदिर में आकर मत्था टेकते है। मंदिर में व्यवस्थाओं को लेकर समिति के जगदीश सोलंकी, मांगीलाल सोलंकी, ओमप्रकाश सोलंकी, ऋषि सोलंकी, नितिन सोलंकी, मनीष सोलंकी, संदीप सोलंकी सहित अन्य सदस्यों का भी विशेष सहयोग रहता है।